# बारिश कैसे मिली

*सुझाई गई गतिविधियाँ केवल सुझाव मात्र हैं। इन्हें बदल कर भी कराया जा सकता है। इनके अलावा और गतिविधियाँ भी सोचें व कराएँ।*

*- सभी गतिविधियाँ लगातार एक के बाद एक न कराएँ। अगले पन्नों की कुछ गतिविधियाँ करके वापस इस पन्ने पर लौटें।*

*- ठोस वस्तुओं व कार्डों का अधिक से अधिक उपयोग करें।*

*- बच्चों को बोलने के पर्याप्त मौके दें। मौलिकता व कल्पनाशीलता पर ज़ोर दें। शुद्ध उच्चारण व भाषा की अपेक्षा कम करें। मातृ भाषा के उपयोग को न रोकें-टोकें।*

## गतिविधियां -

- कहानी सुनना।

- चित्रों पर चर्चा।

- कहानी पढ़ना उंगली रख कर पढ़ना। शिक्षक बीच में रुके और बच्चे अगला शब्द बोलने की कोशिश करें। ऐसे शब्द पर रुकें जो पहले पढ़ने में आया हो या बच्चे पहले से जानते हों जैसे ***बंदर, एक, पास, पानी, बिल्ली*** आदि,

बच्चे पढ़ने की कोशिश करें, शिक्षक मदद करें।

- ब से शुरू होने वाले शब्द ढूंढे- बिना मात्रा और मात्रा वाले और उनकी ध्वनि में अंतर करें। बाकी किताब में भी ढूंढे।

- ऐसी कहानी किसी और अक्षर से शुरू होने वाले शब्दों से भी बनाएं। जैसे च या र या ल आदि...

- पृष्ठ 39 व 57 जैसे अभ्यास करें।

***नोट - पढ़कर पढ़ना सीखने का अभ्यास जिसमें उंगली रखकर पढ़ना- जिससे शब्द किस ध्वनि पर खत्म होता है- इसका अहसास होता है।***

***- अंदाज़ लगाकर पढ़ना जो बहुत महत्वपूर्ण हैं।***

***- ध्वनियों में अंतर करना। उसके साथ मात्रा का अंतर देखना।***

इस पन्ने पर आपने कौन सी गतिविधियाँ कराई-

| दिनांक | गतिविधि | दक्षताएँ | समय | सामग्री |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

# बारिश कैसे मिली ?



एक था **बगुला**। और एक था **बंदर**। दोनों एक **बरगद** के नीचे रहते थे।


वहीं पास में एक नदी भी थी लेकिन नदी में पानी नहीं था। पानी तो **बारिश** आने पर ही आ सकता था। तो बगुला और बंदर दोनों बारिश ढूढने के लिए निकल पड़े।

रास्ते में मिली एक **बिल्ली**। बंदर ने पूछा - बिल्ली, बिल्ली, हमें बारिश कहाँ मिलेगी ? बिल्ली ने कहा- बारिश तो मिलेगी **बादल** के पास।

दोनों आगे बढ़े। रास्ते में मिली एक **बकरी**। बगुले ने पूछा - बकरी, बकरी, हमें बादल कहाँ मिलेगा ? बकरी ने कहा - बादल तो बूढ़े बबूल मे फंसा है।

दोनों आगे बढ़े। रास्ते में मिला एक बड़ा सा **बैल**। बंदर और बगुले ने पूछा- बैल, बैल, हमें बूढ़ा **बबूल** कहाँ मिलेगा ?

तो बड़े से बैल ने कहा - बूढ़ा बबूल तो **बलहर** की **बाड़ी** के पास पास है।



दोनों पहुंचे बलहर की बाड़ी में। वहीं पास में दिखा बूढ़ा बबूल। उसके कांटों में बेचारा बादल फंसा हुआ था।

बंदर झट से पेड़ पर चढ़ गया। बगुला भी उड़ कर ऊपर पहुंच गया। दोनों ने मिलकर बादल को बबूल से निकाला। बादल बहुत खुश हुआ।



बादल के खुश होने पर बारिश हुई। नदी में धीरे-धीरे पानी आया। बंदर और बगुला हंसने लगे और खूब नाचे।

---

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बंदर | बबूल | बादल | बकरी | बैल |
| बलहर | बगुला | बारिश | बिल्ली | |
| बरगद | | | बाड़ी | |

आपने इस पन्ने पर अपनी तरफ से कौन सी नई गतिविधियाँ बनाईं व कराईं (संक्षिप्त विवरण)

आपको व बच्चों को कौन सी गतिविधियों में ज्यादा मज़ा आया? किनमें दिक्कत आई?

# रखो निकालो

*सुझाई गई गतिविधियाँ केवल सुझाव मात्र हैं। इन्हे बदल कर भी कराया जा सकता है। इनके अलावा और गतिविधियाँ भी सोचें व कराएं।*
*- सभी गतिविधियाँ लगातार एक के बाद एक न कराएँ। अगले पन्नों की कुछ गतिविधियाँ करके वापस इस पन्ने पर लौटें।*
*- ठोस वस्तुओं व कार्डों का अधिक से अधिक उपयोग करें।*
*- बच्चों को बोलने के पर्याप्त मौके दें। मौलिकता व कल्पनाशीलता पर ज़ोर दें। शुद्ध उच्चारण व भाषा की अपेक्षा कम करें। मातृ भाषा के उपयोग को न रोकें-टोकें।*

**गतिविधियाँ -**

- चित्रों में बनी आकृतियों को गिनना कितने फूल, गेंद, कीड़े, आम। हर फूल पर एक कंकड़ रखो कितने कंकड? एक निकालो, कितने बचे? उत्तर का अंक कार्ड ढूंढना। दो निकालो, तीन निकालो आदि ऐसा ही कीड़ों और आम के साथ करना।
- अलग से ठोस वस्तुओं के साथ में जोड़ के सवाल भी करना।
- नीचे के चित्रों का मौखिक वर्णन देना। जैसे एक पेड़ पर 4 आम थे 3 गिर गए। कितने बचे-एक? (यह बच्चे स्वयं बोले)
- सवालों के इर्द गिर्द छोटी कहानियाँ बनाना जैसे एक जादुई पेड़ था, कोई आम तोड़ने जाता तो आम गायब हो जाते। एक दिन...

*नोट - चित्रों में घटाने का यह पहला पन्ना है। इसे ठोस वस्तुओं के साथ करना आवश्यक है।*
***- घटाने के साथ जोड़ भी करते रहें।***
***- घटाया कैसे, इस पर बातचीत करें।***
***- कुछ नहीं बचा तो शून्य बचा, शून्य की ओर ध्यान इंगित करना।***


इस पन्ने पर आपने कौन सी गतिविधियाँ कराईं-


| दिनांक | गतिविधि | दक्षताएँ | समय | सामग्री |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |


आपने इस पन्ने पर अपनी तरफ से कौन सी नई गतिविधियाँ बनाईं व कराईं (संक्षिप्त विवरण)

आपको व बच्चों को कौन सी गतिविधियों में ज्यादा मज़ा आया? किसमें दिक्कत आई?

# रखो - निकालो







# पृष्ठ 43

*सुझाई गई गतिविधियाँ केवल सुझाव मात्र है। इन्हे बदल कर भी कराया जा सकता है। इनके अलावा और गतिविधियां भी सोचें व कराएँ।*
*- सभी गतिविधियाँ लगातार एक के बाद एक न कराएँ। अगले पन्नों की कुछ गतिविधियाँ करके वापस इस पन्ने पर लौटें।*
*- ठोस वस्तुओं व कार्डो का अधिक से अधिक उपयोग करें।*
*- बच्चों को बोलने के पर्याप्त मौके दें। मौलिकता व कल्पनाशीलता पर ज़ोर दें। शुद्ध उच्चारण व भाषा की अपेक्षा कम करें। मातृ भाषा के उपयोग को न रोकें-टोकें।*

## गतिविधियाँ -

- चित्र पर कहानी, चर्चा- चिड़ियाँ ढूंढना, गिनना'
- हर चिड़िया को अलग-अलग रंगों से रंगो। पत्तों को हरा रंगो।
- सबसे ऊपर वाली चिड़िया पर 0 लगाओ। सामने देखने वाली कितनी चिड़ियाँ हैं। इस तरफ देखने वाली आदि। कौन सी अधिक हैं? कौन सी कम?
- इसी तरह छोटी बड़ी पत्ती, बिन्दी वाली, बिना बिन्दी वाली आदि।
- बाहर पेड़ों और चिड़ियों का अवलोकन करना।

***नोट- यह पन्ना बारीक अवलोकन का है। इस की जितनी गतिविधियाँ कराएं- बाहर भी ले जाकर, उतना अच्छा है।***

इस पन्ने पर आपने कौन सी गतिविधियाँ कराई-

| दिनांक | गतिविधि | दक्षताएँ | समय | सामग्री |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

आपने इस पन्ने पर अपनी तरफ से कौन सी नई गतिविधियाँ बनाई व कराई (संक्षिप्त विवरण)

आपको व बच्चों को कौन सी गतिविधियों में ज्यादा मज़ा आया? किनमें दिक्कत आई?